# बस्ती के बीच भरा गंदा जहरीला पानी

## निकास का रास्ता न होने से बने हालात नपा नहीं देती ध्यान, जल प्रभारी नहीं देखते काम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 9 जनवरी, बस्ती के बीच भरा गंदा कीचड़ वाला जहरीला पानी जमा है. लोगों का कहना है कि निकास का रास्ता नहीं होने से पीने के पानी वाले नल कनेक्शन जर्जर स्थिति में पाइप के माध्यम से गंदगी पानी में पहुंच सकती है.इस और नगर पालिका परिषद के जल विभाग को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है.अन्यथा इंदौर जैसी घटना यहां भी घट सकती है.**

गंदा पानी पीने के कारण नगर में जहां देखो वहां जलप्रदाय पाइप लाइनों से नल कनेक्शन की लाइन बहुत खराब स्थिति में देखी जा रही है.पुरानी पाइप लाइन से अभी भी अनेक जगह पानी पहुंच रहा है.नई पाइपलाइन से पुरानी पाइपलाइन कैसे कनेक्ट हुई यह देखने की जरूरत है.

अनेक लोग पुरानी पाइप लाइन से भी पानी ले रहे हैं जो जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है उस पानी को भी लोग पी रहे हैं.नगर पालिका जल विभाग समिति इस ओर कभी ध्यान नहीं देती केवल नाम है. नगर पालिका परिषद जल समिति का प्रभारी समिति के लोग शहर के अंदर कहां-कहां जल प्रदाय पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है कहां लीकेज है जो नाली गटर के अंदर से निकले हुए हैं.पाइप जर्जर स्थिति में है.जगह जगह छेद हैं जहां से पानी प्रवेश करता है.नालियों का नगर के सभी 24 वार्डों में निरीक्षण करना चाहिए. नागरिकों को यह भी पता नहीं है जल प्रभारी कौन है और उसके सदस्य कौन-कौन हैं.नाम दरोगा जैसी स्थिति चल रही है, सबसे बड़ा प्रश्न यह है की पुरानी पाइप लाइन से जलप्रदाय कैसे हो रहा है कहां कहां नई पाइप लाइन से पुरानी पाइपलाइन जुड़ी हुई है .यह देखने की जरूरत है.



### नियम शर्तों के अनुसार नहीं डली पाइप लाइन

वार्ड 3 में पुरानी और नई पाइप लाइन से पानी आ रहा है .कुछ लोग पुरानी लाइन से पानी ले रहे हैं .जल विभाग के कुछ कर्मचारियों ने रातों-रात अवैध नल लगाए हैं .जिनकी जांच होना चाहिए . इससे नगरपालिका को आर्थिक क्षति हो रही है अभी जो जलप्रदाय पाइपलाइन डाली जा रही है . वह नियम शर्तों के अनुसार नहीं डाली जा रही है .नीचे बेस नहीं डाला जा रहा है .धमस लगने पर यह पाइप लाइन फूट जाएगी .नियमों का पालन नहीं हो रहा है .बताया जा रहा है कोई गुजरात की कंपनी यह कार्य देख रही है . मौके पर नगर पालिका परिषद के इंजीनियर जांच पड़ताल नहीं करते .अभी तो यह लाइन डल जाएगी और चालू भी हो जाएगी परंतु आगे लोगों को परेशानी से जूझना पड़ेगा .

## सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**ब्यावरा 09 जनवरी, का.** ने.सु.चं.बो. शासकीय महाविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेवा सप्ताह कार्यक्रमों के अंतर्गत आज दिनांक 9 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भूमिका पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ आर.के.गुप्ता ने विद्यार्थियों को विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, साथ ही भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ अवधेष टुंडेलकर इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी. इस पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया. पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका डॉ केएन मीना, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. हीरालाल प्रजापति ने निभाई.

# सुप्रसिद्ध महादेव मेला 6 फरवरी से आयोजित

**ट्रैफिक, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा**

**मेला के दौरान बड़ी बसों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध**

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/09 जनवरी2026/ मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन एवं पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस वर्ष 06 फरवरी से 15 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा।**

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक साइ कृष्ण एस थोटा ने शुक्रवार को पचमढ़ी में महादेव मेले की तैयारियों की समीक्षा की। पचमढ़ी स्थित संजय गांधी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशासनिक अधिकारियों सहित मेला समिति सदस्य, एवं अशासकीय सदस्य गणों की उपस्थिति में महादेव मेला की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन द्वारा मेले की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गईं। उन्होंने बताया कि मेले में मध्य प्रदेश और विशेषकर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मेला अवधि में लगभग 5 से 6 लाख श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। बैठक में बताया गया कि पूर्व वर्ष की तरह इस बार भी पचमढ़ी में बड़ी बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



### कलेक्टर मीना ने ट्रैफिक के बेहतर प्रबंधन के दिए निर्देश

कलेक्टर मीना ने ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान ट्रैफिक का बेहतर प्रबंधन किया जाए। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर भी पर्याप्त रोशनी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी रहें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल पर प्रवेश और निकासी के पृथक द्वार तैयार करें जिससे कि वाहनों का आवागमन आसानी से होता रहे। मेला अवधि के लिए संचालित होने वाले वाहनों के भी आवश्यक परमिट जारी किए जाएं। महादेव मार्ग पर संचालित जिप्सी के पिकअप एवं ड्राप पॉइंट निर्धारित किए जाएं साथ ही कुछ जिप्सी वाहनों की उपलब्धता रिजर्व वाहनों के लिए भी की जाए।

# 23 साल से चल रहा श्रमदान, बेतवा फिर भी गंदी

## बेतवा उत्थान समिति की 23वीं वर्षगाठ पर रैली आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा, बेतवा नदी पर पर श्रमदान का सिलसिला 23 साल से चल रहा है. कई संगठन आए दिन बेतवा नदी पर श्रमदान करते हैं. नदी में फैले कचरे को निकालते हैं.आसपास के घाटों की सफाई करते हैं. इसके बावजूद बेतवा नदी साफ नहीं हो पा रही है. बेतवा के नाम पर कई समाजसेवियों की राजनीति चमक गई.**

प्रशासनिक और राजनेतिक दलों ने बेतवा में मिलने वाले नालों को जल्द से जल्द बंद कराने का दावा किया लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि बेतवा में मिलने वाले नालों को नहीं रोक पाए. आज भी बेतवा के वही हालात बने हुए है.लगभग ढाई दशक होने पर आज भी बेताव में पसरी गंदगी की बात की जा रही है.11 जनवरी 2003 से अनवरत बेतवा नदी पर श्रमदान कर बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतो व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये 23 वर्षो से कार्य कर रही बेतवा उत्थान समितिं 11 जनवरी को अपने 23 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न आयोजनो के क्रम में 10 जनवरी को सुबह 11 बजे माधवगंज से बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतो व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जन-जागृति रैली माधवगंज से प्रारम्भ होकर गांधी चौक पहुंचेगी.

> बेतवा पर कई संगठन श्रमदान तो कर रहे हैं अब दावा किया जा रहा है कि बेतवा पर विशेष श्रमदान भी किया जाएगा.समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने बताया की इसी क्रम में 11 जनवरी को विशेष श्रमदान एवं वार्षिक बैठक एवं 12 जनवरी को सांकेतिक धरना आयोजित है.समिति के सदस्यों ने जनजागृति रैली के साथ सभी आयोजनो में नगर के सभी सामाजिक शिक्षण संस्थान, व्यापारी बन्धुओं, नदी एवं पर्यावरण से जुड़े नागरिकों को उक्त आयोजन में भागीदारी करने की अपील की गई है.

## बीएमओ और महिला कर्मचारी में विवाद

**बुधनी.** सिविल अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और एक महिला कर्मचारी के बीच हुई तीखी नोकझोंक का मामला थाने तक पहुंच गया. विवाद के बाद दोनों पक्षों ने थाने में अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किए. सिविल अस्पताल में सीबीएमओ डी. बड़ोदिया और विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक नम्रता कूड़े के बीच बीते कुछ समय से विभागीय कार्यों को लेकर सामंजस्य नहीं बन पा रहा था. इसी को लेकर शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया.थाना प्रभारी संदीप जाट ने बताया कि सिविल अस्पताल मामले में दोनों पक्षों के आवेदन ले लिए हैं.

# राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चयन प्रतियोगिता संपन्न

## विजेता खिलाड़ी जयपुर नेशनल में दिखाएंगे दम

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मध्य प्रदेश ताइक्कांडो कल्याण संघ के तत्वावधान में विदिशा के खेल परिसर स्थित मल्टीपर्पज हॉल में प्रथम ओपन राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप और सेकेंड फेडरेशन कप के लिए चयन ट्रायल संपन्न हुए. इस प्रतियोगिता में भोपाल अकादमी, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और मुरैना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया.**

चयनित खिलाड़ी अब 18 से 23 जनवरी 2026 तक जयपुर (राजस्थान) के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे. इस नेशनल चैंपियनशिप की महत्ता इसलिए भी अधिक है क्योंकि यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा. प्रतियोगिता में 17 स्वर्ण पदक 4 रजत पदक और 2 कांस्य पदक हासिल कर मध्य प्रदेश ताइक्कांडो अकादमी ने प्रथम स्थान अर्जित किया वहीं 8 स्वर्ण पदक 3 रजत और 1 कांस्य प्राप्त कर इंदौर द्वितीय स्थान पर रही.



## खेलो एमपी यूथ गेम्स की तैयारी, 12 से शुरू

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' के सफल और भव्य आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जिला बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई और संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जूनियर आयु वर्ग के लिए आयोजित होने वाले इन खेलों की विकासखंड स्तरीय चयन स्पधाएं 12 से 17 जनवरी के मध्य आयोजित की जाएंगी। यहाँ से चयनित होने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 20 एवं 21 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाएंगे।

## एक नजर में



### रोजगार मेले में 142 आवेदकों का हुआ चयन

**भैरुंदा.** कौशल विकास इकोसिस्टम कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत, एनआरएलएम, आईटीसी मिशन सुनहरा कल प्रशिक्षण केंद्र, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और प्रदान संस्था द्वारा विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया. रोजगार मेले का शुभारंभ एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किया. रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा लगभग 142 आवेदकों का चयन किया गया. कार्यक्रम में जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, डीपीएम दिनेश बरफा, जिला प्रबंधक कौशल विकास ओमप्रकाश कुशवाह, राजेश परमार सहित अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे.

### कांग्रेस रैली में बच्चों को शामिल करने का आरोप

**मुलताई।** नगर में गुरुवार को कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन की रैली में आईटीआई में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को शामिल कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने लगाए है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया द्य रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को रैली में शामिल किया गया द्य कांग्रेस की रैली में आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को शामिल करने पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि अपने विरोध प्रदर्शन रैली में संख्या बढ़ाने के लिए आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को शामिल कर कांग्रेस उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### कायस्थ समाज का रक्तदान शिविर कल

**विदिशा,** कायस्थ सभा एवं समस्त कायस्थ समाज द्वारा विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में 11 जनवरी रविवार को शेरपुरा स्थित कायस्थ सामज की धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।?शिविर दोपहर 12 बजे से ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित होगा.इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा.शिविर के बाद समाज की खेल प्रतिभाओं एवं चित्रगुप्त मंत्र साधकों का भी सम्मान होगा.

### ब्रह्मा कुमारीज द्वारा मैराथन का आयोजन

**खिलचीपुर.** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर खिलचीपुर में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय काका कॉलोनी खिलचीपुर के द्वारा एक विशाल मैराथन दौड़ युवाओं की दौड़ स्वर्णिम भविष्य की ओर का आयोजन 11 जनवरी 2026 रविवार के दिन प्रात: 8 बजे से किया जा रहा है. मैराथन दौड़ काका कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से इमली स्टैंड, बस स्टैंड, भोजपुर नाका, ओंकार नाथ मंदिर से होती हुई पुन: भोजपुर नाका, बस स्टैंड, इमली स्टैंड, अस्पताल रोड होती हुई स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र काका कॉलोनी में समापन होगी. ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका नीलम बहन ने बताया कि मैराथन दौड़ हेतु 200 अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके है. मैराथन दौड़ में भाग लेने हेतु व्हाट्सएप पर डाली गई लिंक के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं कर सकता है.

### 32 पंचायतों के लिए बैंक प्रतिनिधि हुई तैयार

**राजगढ़.** स्थानीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) में वन जीपी वन बीसी परियोजना अंतर्गत आयोजित विशेष प्रशिक्षण बैच का गुरूवार को समापन हुआ. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले की ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने हेतु महिलाओं को बैंक कॉरेस्पोंडेंट के रूप में तैयार करना था. प्रशिक्षण में जिले की 23 महिलाओं ने इस गहन प्रशिक्षण में भाग लेकर बैंकिंग कार्यप्रणाली के गुर सीखे. प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर महेंद्र व्यास द्वारा महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय लेनदेन, बीमा योजनाओं और ग्राहक सेवा कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. आरसेटी के निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया.

# 'अंधकार' में खड़ा 4 करोड़ का अस्पताल भवन

दिनेश जमींदार
नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 जनवरी, सं. करीब एक लाख की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले जीरापुर में एक भवन ऐसा भी है जिसे बनाने में 4 करोड़ खर्च हो चुके है लेकिन उसे चलाने के लिए 16 लाख रूपए की व्यवस्था पूरा सिस्टम मिलकर नहीं कर पा रहा.**

यह दो मंजिला भवन जीरापुर का नया सिविल अस्पताल है. जो बनकर पूरी तरह तैयार है. लेकिन 16 लाख रूपए के 200केव्ही क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की कमीं से यहा विधिवत शुरू नहीं हो पा रहा है. मामले में जिले से लेकर राजधानी तक पत्राचार चल रहे है लेकिन करंट का अब तक पता नहीं है.



### 16 लाख रुपये में 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर चाहिए अस्पताल को

नया अस्पताल भवन गत सितम्बर 2025 में बिल्डिंग हैण्डओवर हो चुकी है. करीब 50 बिस्तरों वाला अस्पताल यहां संचालित होगा. यहां एक ट्रांसफार्मर चाहिए 200 केव्ही क्षमता का उसकी लागत करीब 16 लाख के आसपास है. वह लग जाता है तो बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी और अस्पताल को हम नए भवन में शिफ्ट कर लेंगे. हमने क्षेत्रीय विधायक और अपने विभाग को मांग पत्र लिख दिया है.

> जीरापुर के नवीन अस्पताल भवन का मामला मेरी जानकारी में है. यहां एक ट्रांसफार्मर लगना है 200 केव्ही का. उसके टेण्डर पृथक से होंगे क्योंकि निर्माण की निविदा में ट्रांसफार्मर का काम शामिल नहीं था. मैंने स्वास्थ्य विभाग और ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर परामर्श मांगा है. हमें यह क्लीयर करना है कि ट्रांसफार्मर लगाने के लिए जो राशि जारी की जाएगी वो किस विभाग की ओर से कितनी होगी और उसकी क्या प्रक्रिया होगी. मैं लगातार सम्पर्क में हूं और जल्द अस्पताल को नए सुसज्जित भवन में शिफ्ट करवाएंगे.



# कृषि कार्य करने वाले वाहनों से की जा रही सप्लाई

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ। खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है।**

मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफहोकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय किया जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं रखते है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं। इनके पास देखा जाए तो जो व्यक्ति ट्रैक्टर चलाते हैं उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता ट्रैक्टर और ट्रॉली से कृषि कार्य की आड़ में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। पुलिस के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर यह वाहन दौड़ते दिखाई दे रहे हैं।

> बिना कागजात,लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ग्रामीण अंचल में नौसिखिया ट्रैक्टर चलाते हैं।ऐसे नौसिखिया के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।बीते वर्षों में ट्रैक्टर ट्राली से कई घटनाएं घटित हो चुकी है।वहीं कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का फिटनेस चेक नहीं करवाते हैं।ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए उपयोग किया जा रहा है.

# दो साल से बीमार बताकर रिजेक्ट किया क्लेम

## उपभोक्ता फोरम का महत्वपूर्ण फैसला, हर्जाने की राशि भी चुकाएगी कंपनी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 जनवरी, का. लुभावने ऑफर देकर जल्दबाजी में हैल्थ इंश्योरेंस करना और फिर बीमाधारक को उसके लाभों से वंचित करने के मामले में उपभोक्ता फोरम राजगढ़ ने निर्णायक फैसला सुनाया है. कोर्ट ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को ईलाज सहित हर्जाने की राशि चुकाने का आदेश दिया है.**

मामल ब्यावरा शहर का है. सुठालिया रोड़ पर रहने वाले मनीष जैन ने मनीपाल सिगना हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी पर दावा किया था. जिसके अनुसार उनकी पत्नि का मनिपाल सिगना हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने 30 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2023 की अवधि के लिए स्वास्थ्य बीमा किया था. जिसका 16496 रूपए का प्रीमियम फरियादी ने कंपनी को अदा किया. इसके पूर्व पीड़ित का ओरिएंटल कंपनी से हैल्थ इंश्योरेंस था. लेकिन मनिपाल सिगना द्वारा आग्रह के बाद उन्होंने पॉलिसी स्विच कर ली थी.

दिनों 26 अक्टूबर 2022 को उनकी पत्नि संगीता जैन की तबियत बिगड़ी और उन्हें ब्यावरा में चिकित्सक को दिखाया गया. एक्सरे, ब्लड टेस्ट और सिटी स्केन कराने के बाद उन्होंने अपनी पत्नि का कोटा में भारत विकास परिषद के अस्पताल में ईलाज कराया. कुल 23 हजार 636 रूपए की राशि ईलाज में खर्च हुई तथा वाहन व्यय 15 हजार हुआ. कोटा अस्पताल में भर्ती करने के दौरान हितग्राही ने बीमा कंपनी को सूचित किया. लेकिन बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि उक्त संस्थान कैशलेस सुविधा में शामिल नहीं है. इसके बाद प्रार्थी ने अपनी बीमा क्लेम किया और कंपनी ने क्लेम को यह कहकर रिजेक्ट कर दिया कि संगीता जैन को पूर्व से बीमारी थी.

## हिंदू सम्मेलन के लिए घर- घर दे रहे आमंत्रण

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में 12 जनवरी को नगर के दशहरा मैदान में विशाल हिंदू स मेलन का आयोजन किया जा रहा है. स मेलन को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने के उद्देश्य से हिंदू समाज के कार्यकर्ता पूरे नगर में सक्रिय होकर प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं. कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल, भारत माता का कैलेंडर एवं सम्मेलन का आमंत्रण पत्र भेंट कर रहे हैं. नागरिक कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वेच्छा से धन सहयोग कर रहे हैं व सम्मेलन में सपरिवार शामिल होने का आश्वासन भी दे रहे हैं.

**अनदेखी** वाहनों की गति कंट्रोल करने एक ब्रेकर तक नहीं

# लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक बना दी सरपट सड़क

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 9 जनवरी. लल्ली चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए शिवाजी चौक तक की नई सड़क पर कहीं भी वाहनों की गति कंट्रोल के इंतजाम नहीं है। जिसकी वजह से इस सड़क पर हादसों का अंदेशा बढ़ गया है।**

खासबात है कि इस सड़क पर ही एमएलबी स्कूल है, कलेक्ट्रेट है, और न्यायालय होने के कारण हमेशा भीड़ रहती है। लेकिन कहीं भी वाहनों की स्पीड कंट्रोल करने के लिए कोई उपाय तक नहीं किये गये है। यही कारण है कि शिवाजी चौक में लल्ली चौक तक इस सड़क पर जगह-जगह डेंजर स्पॉट्स की भरमार हो गई है।



दरअसल लंबे इंतजार के बाद इस सड़क का काम पूरा हुआ है। पीडब्ल्यूडी ने लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक सड़क बनाई, लेकिन वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए कहीं भी न तो स्पीड ब्रेकर बनाये है और न ही अन्य किसी प्रकार सुरक्षात्मक उपाये किये है, जिससे की वाहनों की गति कंट्रोल हो सके।

सड़क का काम पूरा होते ही इस सड़क पर वाहन फराटे भरने लगे है। जब यह सड़क बन रही थी, तब भी यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और लोगों के लिए यह परेशानियों का कारण बनी रही और अब, जबकि सड़क बन गई है, तब भी यह सड़क वाहन चालकों और लोगों के लिए खतरा बनी हुई है, क्योंकि इस पूरी सड़क पर कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। यहीं कारण है कि यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

> मैं अभी मीटिंग में हूं, फिर भी इस संबंध में दिखवाती हूं।
> – प्रीति पटेल, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग बैतूल

### इसी सड़क पर आमजनता से जुड़े कई विभाग

लल्ली चौक चौक से थोड़ा आगे इसी सड़क पर नगरपालिका कार्यालय है। जहां नपा अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा हमेशा लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट है, जिसमें आमजनता से जुड़े कई दफ्तर स्थित है। कलेक्ट्रेट में जहां अधिकारियों सहित कई विभागों के कार्यालय है, वहीं इसी के साथ जिला पंचायत कार्यालय भी है। पुराने कलेक्ट्रेट में पंजीयन कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय है। जिला उद्योग कार्यालय भी इसी सड़क पर स्थित है। इन कार्यालयों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों के लिए आते-जाते हैं।

## सेमरी धाम के लिए शनिवार को निकलेगी भव्य झंडा यात्रा

**आरोन।** धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ आरोन-गुना रोड स्थित सुप्रसिद्ध सेमरी हनुमान मंदिर तक एक भव्य झंडा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार, 10 जनवरी को आयोजित होने वाली इस यात्रा को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ए-क्लास विद्युत ठेकेदार एवं समाजसेवी शक्ति शर्मा ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि झंडा यात्रा का शुभारंभ शनिवार सुबह 9 बजे श्री दास हनुमान मंदिर से होगा। यात्रा शुरू होने से पूर्व दास हनुमान जी की विधि-विधान से आरती की जाएगी और सभी श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।